बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 29 अप्रैल, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

जहाँ तक नाम निर्देशन की बात है तो आज दिनांक 29.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत चौथे चरण में 05 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर–अ0जा0, बेगूसराय एवं मुंगेर) में नामांकन पत्रों के Withdrawal की तिथि नियत थी इस संदर्भ में स्थिति इस प्रकार है कि दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर–अ0जा0 तथा बेगूसराय लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कोई Withdrawal नहीं हुआ है जबकि मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 01 नाम वापसी हुई है। तदनुसार दरभंगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 08, उजियारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 13, समस्तीपुर–अ0जा0 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 12, बेगुसराय लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 तथा मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 12 अभ्यर्थी चुनाव में खड़े हैं।

आगे लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत पाँचवें चरण के लिए पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सारण तथा हाजीपुर–अ0जा0) में नामनिर्देशन का दूसरा दिन था। जिसके लिए वस्तु स्थिति निम्नवत् हैं:–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
मधुबनी	01	उदय कुमार मंडल	समता पार्टी	05
	02	सरफराज आलम	अखिल भारतीय परिवार पार्टी	
	03	वैद्यनाथ यादव	पिपूल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)	
	04	मोहन शर्मा	राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी	
	05	बिकाश कुमार	बहुजन समाज पार्टी	
सीतामढ़ी	01	अब्दुल समद	निर्दलीय	07
	02	आनन्द कुमार झा	निर्दलीय	
	03	साइका नवाज अजमत	निर्दलीय	
	04	श्याम नन्दन किशोर प्रसाद	निर्दलीय	
मुजफ्फरपुर	01	अजितांश गौड़	दि अग्रणी पार्टी	04
	02	अरविंद कुमार चौधरी	सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	
सारण	01	आचार्य रोहिणी	राष्ट्रीय जनता दल	05
	02	राजेश कुशवाहा	भारतीय लोक चेतना पार्टी	
	03	मो0 सलीम	निर्दलीय	
हाजीपुर–अ0जा0	01	शिवचन्द्र राम	राष्ट्रीय जनता दल	03

इसके अतिरिक्त आज दिनांक 29.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के छठे चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज–अ0जा0, सिवान तथा महाराजगंज) मे चुनाव हेतु अधिसूचना निर्गत होने के साथ ही नामनिर्देशन का प्रथम दिन था। उक्त आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् हैः–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
वाल्मीकिनगर	01	शून्य		00
पश्चिम चम्पारण	01	शून्य		00
पूर्वी चम्पारण	01	राधा मोहन सिंह	भारतीय जनता पार्टी	01
शिवहर	01	लवली आनंद	जनता दल (युनायटेड)	04
	02	उपेन्द्र सहनी	राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी	
	03	जगदीश प्रसाद	बज्जिकांचल विकास पार्टी	
	04	अखिलेश्वर श्रीवैष्णव	निर्दलीय	
वैशाली	01	वीणा देवी	लोजपा (आर	
गोपालगंज–अ0जा0	01	शून्य		00
सिवान	01	शून्य		00
महाराजगंज	01	त्रिभुवन राम	पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)	01

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के मामले में भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में आठ (08) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत दो (02)। इस संदर्भ में सात (07) एफआईआर दर्ज हैं।

पुनः आदर्श आचार संहिता के तहत सम्पत्ति विरूपण के संदर्भ में सरकारी सम्पत्ति के तहत चार (04) मामले राज्य में प्रतिवेदित हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 28.04.2024 को कुल **₹1.02650**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–13659.85(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹23.67654**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹14.24000**(लाख) रूपये मूल्य के 142600.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹55.34041**(लाख) रूपये मूल्य की 67108.00 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹94.28345**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।